

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 30 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 30 नवंबर का इतिहास

- **1939 :** तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
- **1999 :** संयुक्त राज्य अमेरिका के उतर पश्चिम सिएटल में विश्व व्यापार संगठन का तीसरा अधिवेशन प्रारंभ हुआ।
- **2008 :** मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने संघीय जांच एजेंसी के गठन की घोषणा की। सरकार ने एसएटी रिजवी वेतन समिति का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया।
- **1858 :** प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का जन्म हुआ।

## 30 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- टाटा कंज्यूमर अनुमानित रूप से 6000-7000 करोड़ रूपये में भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड पेयजल कंपनी, बिसलेरी का अधिग्रहण करने के लिए तैयार है। चेयरमैन रमेश चौहान सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड थम्स अप, गोल्ड स्पॉट और लिम्का को कोका-कोला को बेचने के तीन दशक बाद बिसलेरी इंटरनेशनल को टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में विनिवेश करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सौदे के हिस्से के रूप में मौजूदा प्रबंधन दो साल तक जारी रहेगा।
- भारत ने 2023-25 कार्यकाल के लिए इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन का उपाध्यक्ष पद और स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट बोर्ड का अध्यक्ष पद जीता। विमल महेंद्रू भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले आईईसी उपाध्यक्ष होंगे। इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन एक अंतर्राष्ट्रीय मानक निकाय है जो सभी इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को प्रकाशित करता है। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन के पूर्ण सदस्यों द्वारा डाले गए वोटों का 90 प्रतिशत से अधिक हासिल किया।
- मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार मजबूत घरेलू आर्थिक गतिविधियों और तेल आयात में वृद्धि के चलते वित वर्ष 2023 के लिए भारत का चालू खाता घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का 3-3.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि चालू खाता घाटा पहली छमाही में मामूली रूप से बढ़ जाएगा, लेकिन दूसरी छमाही में कम जो जाएगा। कुल मिलाकर वित वर्ष 2023 के लिए चालू खाता घाटा, जीडीपी के 3 प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद है।
- सी-डॉट ने क्रिप्टोलॉजी रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया और आईईईई कम्युनिकेशन सोसाइटी दिल्ली चैप्टर के सहयोग से क्रिप्टोलोजी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला संचार नेटवर्क में सुरक्षा और गोपनीयता बढ़ाने के लिए क्रिप्टोलॉजी में प्रगति पर केंद्रित थी। इसका मुख्य उद्देश्य सभी संबंधित हितधारकों को एक साझा मंच पर लाना है।
- वैश्विक नेता अनुमोदन रेटिंग के अनुसार पीएम मोदी 77 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं।
- उत्तराखंड हाई कोर्ट ने नैनीताल स्थित सूखाताल झील के सौंदर्यीकरण और पुनर्जीवीकरण से संबंधित निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी। बारिश से भरने वाली सूखाताल झील, नैनीताल को भी रिचार्ज करती है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने एक पत्र को जनहित याचिका मानते हुए मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 दिसंबर तय की है। झील के चारों तरफ सूखे क्षेत्र में सभी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाते हुए अदालत ने राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण और राज्य आद्रभूमि प्रबंधन प्राधिकरण को भी पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किए हैं।
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने ईरान में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा की है। परिषद ने इस कार्रवाई ओर विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ किए गए कथित दुर्व्यवहारों की जांच के लिए एक स्वतंत्र तथ्य खोज मिशन बनाने की घोषणा की है।
- भारत और खाड़ी सहयोग परिषद मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने और वार्ता को फिर से शुरू करने पर सहमत हुए है।
- भारतीय विशेष बलों की एक टुकड़ी वर्तमान में इंडोनेशिया में वहां के विशेष बलों के साथ द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास कर ही हैं, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षो के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना है। बयान के मुताबिक सांगा बुआना प्रशिक्षण क्षेत्र, करावांग, इंडोनेशिया में आयोजित द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरूड़ शक्ति बैनर के तहत द्विपक्षीय अभ्यासों की श्रृंखला का आठवां संस्करण है।
- शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर जुलाई-सितंबर 2022 में सालाना आधार पर घटकर 7.2 प्रतिशत पर आ गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान अवधि में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल के बीच बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।
- नेपाल में प्रधानमंत्री शेर बहादूर देउबा लगातार 7वीं बार गृह जिले दादेलधुरा से चुने गए हैं।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. वर्ष 2023 गणतंत्र दिवस समारोह में किस देश के राष्ट्रपति शामिल होंगे ?**

(A) मिश्र (B) ब्रिटेन

(C) चीन (D) फ्रांस

**(A)** विदेश मंत्रालय ने कहा कि मिश्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह पहली बार है कि मिश्र के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। भारत और मिश्र के बीच सभ्यतागत और गहरे लोगों से लोगों के बीच संबंधों पर आधारित गर्म ओर मैत्रीपूर्ण संबंध है।



**2. हाल ही में भारतीय रेलवे ने किस वर्ष तक यूरोप, दक्षिण अमेरिका और पूर्वी एशिया के बाजारो में वंदे भारत रेलगाड़ियों का निर्यात करने की घोषणा की है ?**

(A) 2023-24 (B) 2024-25

(C) 2025-26 (D) 2026-27

**(C)** हाल ही में भारतीय रेलवे ने 2025-26 तक यूरोप, दक्षिण अमेरिका और पूर्वी एशिया के बाजारो में वंदे भारत रेलगाड़ियों का निर्यात करने की घोषणा की है। अभी देश में पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रहीं है। इनमें दो पुरानी पीढ़ी की और तीन नई पीढ़ी की हैं। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस 2019 में नई दिल्ली और वाराणसी के बीच शुरू की गई थी।




**3. थोक मूल्य सूचकांक कौन जारी करता है ?**

(A) वित्त मंत्रालय (B) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(C) श्रम और रोजगार मंत्रालय (D) कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय

**(B)** थोक मूल्य सूचकांक के मुताबिक मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर 8.39% हो गई, जो मार्च 2021 के बाद सबसे कम है। थोक मूल्य सूचकांक का उपयोग कुछ अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति को मापने में किया जाता है। यह सूचकांक समय के साथ उत्पादक कीमतों में समग्र परिवर्तन को मापता है।



**4. किसे पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नामित किया गया है ?**

(A) लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद

(B) लेफ्टिनेंट जनरल अजहर अब्बास

(C) लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा

(D) लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर

**(D)** लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान सरकार ने पुष्टि की है कि उन्हें नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए नामों के लिए पैनल के साथ रक्षा मंत्रालय से सूचना प्राप्त हुई है।



**5. हाल ही में पांच वर्ल्ड कप में स्कोर करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी कौन बने?**

(A) क्रिस्टियानो रोनाल्डो (B) लियोनल मेसी

(C) नेमार (D) एंटोनी

**(A)** पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर और कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रच दिया है। वह फीफा वर्ल्ड कप के पांच संस्करण में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसे लियोनल मेसी, माराडोना ओर पेले जैस दिग्गज भी हासिल नही कर सके। रोनाल्डो इससे पहले 2006, 2010, 2014, 2018 फीफा वर्ल्ड कप में भी गोल दाग चुके हैं।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. हाल ही में किस FICCI द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है?**

(A) राजेंद्र मित्तल (B) अरूण वंसल

(C) राजेंद्र पवार (D) A व B दोनों

**(C)** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने 8वें फिक्की उच्च शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में राजेंद्र सिंह पवार अध्यक्ष और संस्थापक, एनआईआईटी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पवार को उनके अपार योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के साथ साथ आईटी प्रशिक्षण उद्योग बनाने के लिए मान्यता देता है।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम की सुविधा शुरू की है ?**

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश

(C) केरल (D) हरियाणा

**(A)** राजस्थान सरकार ने महिलाओं के लिए वर्क फ्रॉफ होम की सुविधा शुरू की है, जिसमें निजी और सरकारी उपक्रम में उन्हें नौकरियां मिलेंगी और घर बैठे वह काम कर पाएंगी। इसके लिए आवेदन भी शुरू हो चुके है। इस योजना के तहत 20 हजार महिलाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को घर से कार्य करने का अवसर प्रदान करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं सशक्त बनाना है।




**8. हाल ही में 77% स्वीकृति के साथ विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता कौन बने है ?**

(A) जो बाइडेन (B) नरेंद्र मोदी

(C) शी जिनपिंग (D) ऋषि सुनक

**(B)** वैश्विक नेता अनुमोदन रेटिंग के अनुसार पीएम मोदी 77 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं। यूएस स्थित कंसल्टिग फर्म मॉर्निग कंसल्ट ने ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग जारी की है। 22 विश्व नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन नौवें स्थान पर हैं, उनके बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक है।




**9. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक भागीदारी की अध्यक्षता किस देश ने ग्रहण की है?**

(A) भारत (B) चीन

(C) जापान (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

**(A)** हाल ही में भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ग्लोबल पार्टनरशिप की अध्यक्षता ग्रहण की है। भारत ने टोक्यो में निवर्तमान अध्यक्ष फ्रांस से GPAI की अध्यक्षता हासिल की। GPAI मानव केंद्रित विकास और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का समर्थन करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय पहल है।





**10. वैश्विक स्तर पर व्यावसायिक रूप से उपलब्ध पहली आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य वस्तु थी ?**

(A) आलू (B) सरसों

(C) टमाटर (D) बैंगन

**(C)** हाल ही में अमेरिका में बैंगनी टमाटर को नियामकीय मंजूरी मिली है। टमाटर व्यावसायिक रूप से उपलब्ध पहली आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) खाद्य वस्तु थी। इसका आविष्कार 1994 में अमेरिका में किया गया था। GM एक ऐसी तकनीक है जिसमें किसी जीव के जीनोम में डीएनए डाला जाता है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज